राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ,सेक्टर -20 डी चंडीगढ़

आवश्यक सूचना

दिनांक – 11-09-2025

विषय :- हिंदी दिवस समारोह -2025

महाविद्यालय के समस्त छात्रों ,अध्यापक वर्ग तथा कर्मचारी गण को सूचित किया जाता है कि दिनांक -16 -09-2025 को महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

भाषण प्रतियोगिता का विषय (Topic):-

1-आज के परिप्रेक्ष में हिंदी की उपयोगिता
२-नयी तकनीक और हिंदी भाषा
3-सांस्कृतिक धरोहर को संजोती हिंदी

प्रतियोगिता सम्बन्धी नियम :-

१ -प्रतियोगिता में बी.एड, एँम .एड तथा पी जी डी जी &सी के विद्यार्थी आमंत्रित हैं।
२ -प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता का माध्यम हिंदी भाषा है। प्रतियोगी विद्यार्थी किसी एक टॉपिक पर अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं।
३ -प्रतियोगिता में विचार मर्यादित होने चाहिए।
४ -भाषण प्रतियोगिता में न्यूनतम समय 2:00 मिनट तथा अधिकतम समय 4.00 मिनट सुनिश्चित है।
५ -विजेता विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।
६ -निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य होगा।

फोटोग्राफी :-
श्री मनीष कुमार

प्रेस रिपोर्टिंग- डॉ.अ . कु . श्रीवास्तव, डॉ. कुसुम
प्रतियोगिता समय :- 11:20Am से 01:20Pm
प्रतियोगिता स्थान :- कक्ष संख्या : 03
प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना नाम दिनांक –15.09.2025 (समय -01 :30 pm) तक डॉ. कुसुम को अवश्य दे दें।
आप सभी से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।
सधन्यवाद ।

संयोजक :-
१ -डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव 11/9/25
२ -डॉ . कुसुम कुसुम 11.9.25

11/9/2025
(डॉ. सपना नंदा)
प्राचार्या

प्रसारित :-१ -समस्त विद्यार्थी एवं सूचना पट्ट।
२ - डॉ. सुमन खोखर (Upload College website) ।
३- समस्त अध्यापक व् अन्य स्टाफ ।

राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, सेक्टर --20 डी ,चंडीगढ़

हिंदी दिवस समारोह

भाषण प्रतियोगिता

(संक्षिप्त रिपोर्ट)

दिनांक :- १६-०९-२०२५

दिनांक -१६-०९-२०२५को राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ,चंडीगढ़ में हिंदी दिवस समारोह के अंतर्गत हिंदी भाषा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) सपना नंदा द्वारा की गयी । सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक तथा कॉलेज डीन डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव और डॉ. कुसुम द्वारा सभी का स्वागत किया गया और हिंदी भाषा के महत्व को बताया गया ।

भाषण प्रतियोगिता के निर्धारित विषयों पर आज के परिप्रेक्ष में हिंदी की उपयोगिता, नयी तकनीक और हिंदी भाषा, सांस्कृतिक धरोहर को संजोती हिंदी पर विद्यार्थियों ने अपने सारगर्भित और तर्क पूर्ण विचारों से कार्यक्रम को सुन्दर बना दिया । इस तरह हिंदी दिवस समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । कार्यक्रम के निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. अनुराग सांख्यान, डॉ. शिवजी सिंह और डॉ.वंदना अग्रवाल के द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया । प्रतियोगिता में विजेता के रूप में प्रथम स्थान : मुदिता (अनुक्रमांक 08 बी.एड छात्रा) ; द्वितीय स्थान - श्रेया (अनुक्रमांक 04 बी.एड छात्रा) तथा तृतीय स्थान - रिया (अनुक्रमांक- 911 , पी.जी. डी. जी & सी छात्रा) ,और प्रियंका (अनुक्रमांक 79 बी.एड छात्रा) ने सांत्वनापुरस्कार प्राप्त किये । निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा छात्रों को सारगर्भित सन्देश दे कर कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया गया ।

महाविद्यालय की प्राचार्या और कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ .(श्रीमती) सपना नंदा द्वारा महाविद्यालयपरिवार को हिंदी दिवस की शुभकामनाये दी गयी और हिंदी भाषा की व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की छात्रा तनीषा के द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

16/09/25

डॉ,अंजलि पुरी व् मैडम ख़ुशी

प्रेस कमेटी

16/9/2025

डॉ.सपना नंदा

प्राचार्या

कार्यक्रम सम्बन्धी कुछ चित्र (photographs) इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।





राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, सेक्टर - 20 डी ,चंडीगढ़

हिंदी दिवस समारोह -16 -09-2025

भाषण प्रतियोगिता

(प्रतियोगिता परिणाम)

क्रम संख्या	कक्षा	अनुक्रमांक	नाम	पिता का नाम	स्थान
1-	बी०एड० प्रथम	08	मुदिता		प्रथम
2-	,,	04	श्रेया		द्वितीय
3-	पी.जी.डी. जी.सी.	911	रिया		तृतीय
4 -	बी०एड० प्रथम	79	प्रियंका		सांत्वना

हस्ताक्षर निर्णायक मंडल

१ - डॉ. अनुराग सांख्यान (signature) 16.9.25

२ - डॉ. शिवजी सिंह (signature)

३- डॉ. वंदना अग्रवाल वं. अग्रवाल